भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5011

दिनांक 29/4/2008 / 9 वैशाख, 1930(शक) को उत्तर के लिए

राजभाषा विभाग में रिक्त पद

5011. श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजभाषा विभाग में विभिन्न श्रेणियों कुछ पद रिक्त पड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सभी रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा0 शकील अहमद)

(क) और (ख): केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा विभाग सेवा (सी एस ओ एल) की विभिन्न श्रेणियों में रिक्त पद होने और उन्हें भरवाने का कार्य, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा किया जातां है जो एक गतिशील प्रक्रिया है । आज की तारीख तक सी एस ओ एल में अस्थाई रिक्तियों सहित विभिन्न श्रेणियों में रिक्त पदों की स्थिति नीचे दी गई है :-

(i) निदेशक	3
(ii) संयुक्त निदेशक	6
(iii) उप निदेशक	शून्य
(iv) सहायक निदेशक	4
(v) वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक	3
(vi) कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक	87

(ग): सरकार की नीति, रिक्त पदों को शीघ्र भरने की है और इस प्रयोजनार्थ पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं ।

******